Dainik Bhaskar

Haryana Police will recruit former soldiers

पानीपत | हरियाणापुलिस में रिक्त पदों को भरने के लिए पूर्व सैनिकों को भर्ती किया जाएगा। इसके लिए 10 सितंबर सुबह सात बजे पुलिस लाइन में विशेष पुलिस अधिकारियों की भर्ती होगी। पुलिस अधीक्षक राजेश दुग्गल ने बताया कि इस भर्ती में केवल ऐसे भूतपूर्व सैनिक ही भाग ले सकेंगे, जिनकी आयु 25 से 50 साल के बीच है और सेना में कम से कम पांच वर्ष की नौकरी की है। उन्हें अनुशासनहीनता या फिर चिकित्सा अस्वस्थता के कारण सेवा से नहीं हटाया गया हो। इच्छुक उम्मीदवार पुलिस लाईन पानीपत में पहुंच कर अपना नामांकन करवाना होगा।